Roll No. ..............................



Total No. of Questions – 7

Total No. of Printed Pages – 16

Time Allowed – 3 Hours

MAY 2011

Maximum Marks – 100

# JNK–H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

Working Notes should form part of the answer.

**Marks**

1. Answer the following : 4×5 =20

(a) You are given two financial plans of a company which has two financial situations. The detailed information are as under :

| | |
|---|---|
| Installed capacity | 10,000 units |
| Actual production and sales | 60% of installed capacity |
| Selling price per unit | ₹ 30 |
| Variable cost per unit | ₹ 20 |

Fixed cost :

Situation 'A' = ₹ 20,000

Situation 'B' = ₹ 25,000

Capital structure of the company is as follows :

| | Financial Plans | |
|---|---|---|
| | XY | XM |
| | ₹ | ₹ |
| Equity | 12,000 | 35,000 |
| Debt (cost of debt 12%) | 40,000 | 10,000 |
| | 52,000 | 45,000 |

You are required to calculate operating leverage and financial leverage of both the plans.

Marks

(b) You are given the following information of a worker :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Name of worker | : 'X' |
| (ii) | Ticket No. | : 002 |
| (iii) | Work started | : 1-4-11 at 8 a.m. |
| (iv) | Work finished | : 5-4-11 at 12 noon |
| (v) | Work allotted | : Production of 2,160 units |
| (vi) | Work done and approved | : 2000 units |
| (vii) | Time and units allowed | : 40 units per hour |
| (viii) | Wage rate | : ₹ 25 per hour |
| (ix) | Bonus | : 40% of time saved |
| (x) | Worker X worked 9 hours a day. | |

You are required to calculate the remuneration of the worker on the following basis :

(i) Halsey plan and

(ii) Rowan plan

(c) Prepare a Store Ledger Account from the following transactions of XY Company Ltd. :

April, 2011

| | |
|---|---|
| 1 | Opening balance 200 units @ ₹ 10 per unit. |
| 5 | Receipt 250 units costing ₹ 2,000 |
| 8 | Receipt 150 units costing ₹ 1,275 |
| 10 | Issue 100 units |
| 15 | Receipt 50 units costing ₹ 500 |
| 20 | Shortage 10 units |
| 21 | Receipt 60 units costing ₹ 540 |
| 22 | Issue 400 units |

The issues upto 10-4-11 will be priced at LIFO and from 11-4-11 issues will be priced at FIFO.

Shortage will be charged as overhead.

(d) What is factoring ? Enumerate the main advantages of factoring.

Marks

2. (a) You are given the following information of the three machines of a manufacturing department of X Ltd. : 8

Preliminary estimates of expenses (per annum)

| | Total | Machines | | |
|---|---|---|---|---|
| | | A | B | C |
| | (₹) | (₹) | (₹) | (₹) |
| Depreciation | 20,000 | 7,500 | 7,500 | 5,000 |
| Spare parts | 10,000 | 4,000 | 4,000 | 2,000 |
| Power | 40,000 | | | |
| Consumable stores | 8,000 | 3,000 | 2,500 | 2,500 |
| Insurance of machinery | 8,000 | | | |
| Indirect labour | 20,000 | | | |
| Building maintenance expenses | 20,000 | | | |
| Annual interest on capital outlay | 50,000 | 20,000 | 20,000 | 10,000 |
| Monthly charge for rent and rates | 10,000 | | | |
| Salary of foreman (per month) | 20,000 | | | |
| Salary of Attendant (per month) | 5,000 | | | |

(The foreman and the attendant control all the three machines and spend equal time on them.)

The following additional information is also available :

| | Machines | | |
|---|---|---|---|
| | A | B | C |
| Estimated Direct Labour Hours | 1,00,000 | 1,50,000 | 1,50,000 |
| Ratio of K.W. Rating | 3 | 2 | 3 |
| Floor space (sq. ft.) | 40,000 | 40,000 | 20,000 |

There are 12 holidays besides Sundays in the year, of which two were on Saturdays. The manufacturing department works 8 hours in a day but Saturdays are half days. All machines work at 90% capacity throughout the year and 2% is reasonable for breakdown.

You are required to :

Calculate predetermined machine hour rates for the above machines after taking into consideration the following factors :

- An increase of 15% in the price of spare parts.
- An increase of 25% in the consumption of spare parts for machine 'B' & 'C' only.
- 20% general increase in wages rates.

(b) The Marketing Manager of XY Ltd. is giving a proposal to the Board of Directors of the company that an increase in credit period allowed to customers from the present one month to two months will bring a 25% increase in sales volume in the next year. **8**

The following operational data of the company for the current year are taken from the records of the company :

| | ₹ |
|---|---|
| Selling price | 21 p.u. |
| Variable cost | 14 p.u. |
| Total cost | 18 p.u. |
| Sales value | 18,90,000 |

The Board, by forwarding the above proposal and data requests you to give your expert opinion on the adoption of the new credit policy in next year subject to a condition that the company's required rate of return on investments is 40%.

Marks

3. The management of MNP Company Ltd. is planning to expand its business and consult you to prepare an estimated working capital statement. The records of the company reveals the following annual information : 16

| | ₹ |
|---|---|
| Sales – Domestic at one month's credit | 24,00,000 |
| Export at three month's credit (sales price 10% below domestic price) | 10,80,000 |
| Materials used (suppliers extend two months credit) | 9,00,000 |
| Lag in payment of wages – ½ month | 7,20,000 |
| Lag in payment of manufacturing expenses (cash) – 1 month | 10,80,000 |
| Lag in payment of Adm. expenses – 1 month | 2,40,000 |
| Sales promotion expenses payable quarterly in advance | 1,50,000 |
| Income tax payable in four instalments of which one falls in the next financial year | 2,25,000 |

Rate of gross profit is 20%.

Ignore work-in-progress and depreciation.

The company keeps one month's stock of raw materials and finished goods (each) and believes in keeping ₹ 2,50,000 available to it including the overdraft limit of ₹ 75,000 not yet utilized by the company.

The management is also of the opinion to make 12% margin for contingencies on computed figure.

You are required to prepare the estimated working capital statement for the next year.

**Marks**

4. The summarized Balance Sheets of XYZ Limited as at 31st March, 2010 and 2011 are given below : **16**

| Liabilities | 2010 (₹) | 2011 (₹) | Assets | 2010 (₹) | 2011 (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Preference share capital | 4,00,000 | 2,00,000 | Plant and Machinery | 7,00,000 | 8,20,000 |
| Equity share capital | 4,00,000 | 6,60,000 | Long term investment | 3,20,000 | 4,00,000 |
| Share premium A/c | 40,000 | 30,000 | Goodwill | – | 30,000 |
| Capital redemption reserve | – | 1,00,000 | Current Assets | 9,10,000 | 11,41,000 |
| General reserve | 2,00,000 | 1,20,000 | Short term investment (less than 2 months) | 50,000 | 84,000 |
| P & L A/c | 1,30,000 | 1,75,000 | Cash and Bank | 1,00,000 | 80,000 |
| Current liabilities | 6,40,000 | 9,00,000 | Preliminary expenses | 40,000 | 20,000 |
| Proposed dividend | 1,60,000 | 2,10,000 | | | |
| Provision for tax | 1,50,000 | 1,80,000 | | | |
| | **21,20,000** | **25,75,000** | | **21,20,000** | **25,75,000** |

Additional information :

During the year 2011 the company :

(i) Preference share capital was redeemed at a premium of 10% partly out of proceeds issue of 10,000 equity shares of ₹ 10 each issued at 10% premium and partly out of profits otherwise available for dividends.

(ii) The company purchased plant and machinery for ₹ 95,000. It also acquired another company stock ₹ 25,000 and plant and machinery ₹ 1,05,000 and paid ₹ 1,60,000 in Equity share capital for the acquisition.

(iii) Foreign exchange loss of ₹ 1,600 represents loss in value of short term investment.

(iv) The company paid tax of ₹ 1,40,000.

You are required to prepare cash flow statement.

Marks

5. (a) You are given the following information of the cost department of a manufacturing company : **12**

| | ₹ |
|---|---|
| Stores : | |
| Opening Balance | 12,60,000 |
| Purchases | 67,20,000 |
| Transfer from work-in-progress | 33,60,000 |
| Issue to work-in-progress | 67,20,000 |
| Issue to repairs and maintenance | 8,40,000 |
| Shortage found in stock taking | 2,52,000 |
| Work-in-progress : | |
| Opening Balance | 25,20,000 |
| Direct wages applied | 25,20,000 |
| Overhead applied | 90,08,000 |
| Closing Balance | 15,20,000 |

Finished products :

Entire output is sold at a profit of 12% on actual cost from work-in-progress.

Other information :

| | ₹ |
|---|---|
| Wages incurred | 29,40,000 |
| Overhead incurred | 95,50,000 |
| Income from Investment | 4,00,000 |
| Loss on sale of fixed assets | 8,40,000 |

Shortage in stock taking is treated as normal loss.

You are required to prepare :

(i) Stores control account;

(ii) Work-in-progress control account;

(iii) Costing Profit and Loss account;

(iv) Profit and Loss account and

(v) Reconciliation statement

(b) What is debt securitization ? Explain the basic debt securitization process. **4**

Marks

6. (a) The management of Z Company Ltd. wants to raise its funds from market to meet out the financial demands of its long-term projects. The company has various combination of proposals to raise its funds. You are given the following proposals of the company : 12

(i)

| Proposals | % of Equity | % of Debts | % of Preference shares |
|---|---|---|---|
| P | 100 | – | – |
| Q | 50 | 50 | – |
| R | 50 | – | 50 |

(ii) Cost of debt – 10 %

Cost of preference shares – 10%

(iii) Tax rate – 50%

(iv) Equity shares of the face value of ₹ 10 each will be issued at a premium of ₹ 10 per share.

(v) Total investment to be raised ₹ 40,00,000.

(vi) Expected earning before interest and tax ₹ 18,00,000.

From the above proposals the management wants to take advice from you for appropriate plan after computing the following :

- Earning per share
- Financial break-even-point
- Compute the EBIT range among the plans for indifference. Also indicate if any of the plans dominate.

(b) Distinguish between cost units and cost centres. 4

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) How do you deal with the following in cost accounts ?

(i) Packing Expenses

(ii) Fringe benefits

(b) Explain the following ratios :

(i) Operating ratio

(ii) Price earning ratio

(c) Enumerate the causes of labour turnover.

(d) Write short note on William J. Baumal Vs. Miller-Orr cash management model.

(e) Discuss the process of estimating profit/loss on incomplete contracts.

## (Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़ कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है ।

शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होने चाहिए ।

**Marks**

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : 4×5 =20

(अ) आपको एक कम्पनी की दो वित्तीय योजनाएँ दी जाती हैं जिनकी दो स्थितियाँ हैं । विस्तृत सूचनाएँ निम्नांकित है :

| | |
|---|---|
| स्थापित क्षमता | 10,000 इकाइयाँ |
| वास्तविक उत्पादन एवं विक्रय | स्थापित क्षमता का 60% |
| विक्रय मूल्य प्रति इकाई | ₹ 30 |
| परिवर्तनशील लागत प्रति इकाई | ₹ 20 |

स्थाई लागत :

स्थिति 'अ' = ₹ 20,000

स्थिति 'ब' = ₹ 25,000

कम्पनी की पूँजी संरचना निम्नांकित है :

| | वित्तीय योजनाएँ | |
|---|---|---|
| | एक्सवाई | एक्सएम |
| | ₹ | ₹ |
| समता | 12,000 | 35,000 |
| ऋण (ऋण लागत 12%) | 40,000 | 10,000 |
| | 52,000 | 45,000 |

आपसे दोनों योजनाओं के परिचालन उत्तोलक (leverage) तथा वित्तीय उत्तोलक की गणना करने की अपेक्षा है ।

Mark

(ब) आपको एक श्रमिक की निम्नांकित सूचनाएँ दी जाती हैं :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्रमिक का नाम | : 'एक्स'. |
| (ii) | टिकट नं. | : 002 |
| (iii) | कार्य प्रारम्भ | : 1-4-11 को 8 बजे प्रातः |
| (iv) | कार्य सम्पन्न | : 5-4-11 को 12 बजे दोपहर |
| (v) | आबंटित कार्य | : 2,160 इकाइयों का उत्पादन |
| (vi) | कार्य किया एवं अनुमोदित हुआ | : 2000 इकाइयाँ |
| (vii) | समय तथा इकाइयाँ स्वीकृत की गई | : 40 इकाई प्रति घण्टा |
| (viii) | श्रम दर | : ₹ 25 प्रति घण्टा |
| (ix) | बोनस | : बचाये गये समय का 40% |

(x) श्रमिक 'एक्स' एक दिन में 9 घण्टे कार्य करता है ।

आपसे निम्नलिखित के आधार पर श्रमिक का पारिश्रमिक की गणना करने की अपेक्षा की जाती है :

(i) हाल्से प्लान और

(ii) रोवन प्लान

(स) एक्सवाई कम्पनी लिमिटेड के निम्नांकित व्यवहारों से स्टोर लेजर खाता तैयार कीजिए :

अप्रैल, 2011

| | | | |
|---|---|---|---|
| " | 1 | प्रारम्भिक शेष | 200 इकाइयाँ ₹ 10 प्रति इकाई |
| " | 5 | प्राप्ति | 250 इकाइयाँ ₹ 2,000 लागत की |
| " | 8 | प्राप्ति | 150 इकाइयाँ ₹ 1,275 लागत की |
| " | 10 | निर्गमन | 100 इकाइयाँ |
| " | 15 | प्राप्ति | 50 इकाइयाँ ₹ 500 लागत की |
| " | 20 | कमी | 10 इकाइयाँ |
| " | 21 | प्राप्ति | 60 इकाइयाँ ₹ 540 लागत की |
| " | 22 | निर्गमन | 400 इकाइयाँ |

दिनांक 10-4-11 तक निर्गमनों का मूल्य निर्धारण 'अन्तिम आगमन प्रथम निर्गमन' (LIFO) पर करना है तथा दिनांक 11-4-11 से निर्गमनों का मूल्य निर्धारण 'प्रथम आगमन प्रथम निर्गमन' (FIFO) पर करना है ।

कमी की वसूली उपरिव्यय की तरह करना है ।

(द) अभिकर्तांकरण (Factoring) क्या है ? अभिकर्तांकरण के मुख्य लाभ लिखिए ।

Marks

2. (अ) आपको एक्स लिमिटेड के निर्माणि विभाग की तीन मशीनों की निम्नांकित सूचनाएँ दी जाती हैं : 8

व्ययों का प्रारम्भिक अनुमान (प्रति वर्ष)

| | | मशीन | | |
|---|---|---|---|---|
| | कुल | अ | ब | स |
| | (₹) | (₹) | (₹) | (₹) |
| मूल्य ह्रास | 20,000 | 7,500 | 7,500 | 5,000 |
| अतिरिक्त पुर्जे (Spare Parts) | 10,000 | 4,000 | 4,000 | 2,000 |
| शक्ति | 40,000 | | | |
| उपभोग्य स्टोर्स | 8,000 | 3,000 | 2,500 | 2,500 |
| मशीन का बीमा | 8,000 | | | |
| अप्रत्यक्ष श्रम | 20,000 | | | |
| भवन का रखरखाव व्यय | 20,000 | | | |
| पूँजी पर वार्षिक ब्याज | 50,000 | 20,000 | 20,000 | 10,000 |
| किराया एवं दर का मासिक व्यय | 10,000 | | | |
| फोरमेन का वेतन (प्रतिमाह) | 20,000 | | | |
| सेवक का वेतन (प्रतिमाह) | 5,000 | | | |

(फोरमेन तथा सेवक सभी तीन मशीनों का नियन्त्रण करते हैं तथा सभी पर समान समय व्यतीत करते हैं ।)

निम्नांकित अतिरिक्त सूचनाएँ भी उपलब्ध हैं :

| | मशीन | | |
|---|---|---|---|
| | अ | ब | स |
| अनुमानित प्रत्यक्ष श्रम घण्टे | 1,00,000 | 1,50,000 | 1,50,000 |
| के.डब्ल्यू. (K.W.) रेटिंग का अनुपात | 3 | 2 | 3 |
| फर्श का क्षेत्र (वर्ग फुट) | 40,000 | 40,000 | 20,000 |

Marks

वर्ष में रविवारों के अतिरिक्त 12 दिवसों का अवकाश है, जिनमें 2 शनिवार हैं । निर्माणि विभाग में प्रतिदिन 8 घण्टे कार्य किया जाता है, लेकिन शनिवार को आधा कार्य दिवस ही होता है । पूरे वर्ष में सभी मशीने 90% क्षमता पर कार्य करती हैं तथा कार्य में रूकावट हेतु 2% प्रावधान यथोचित है ।

आपसे अपेक्षा है कि :

निम्नांकित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त मशीनों की पूर्व निर्धारित मशीन घण्टा दर ज्ञात कीजिए :

- स्पेयर पार्ट के मूल्यों में 15% वृद्धि है ।
- केवल मशीन 'ब' व 'स' के स्पेयर पार्ट के उपभोग में 25% की वृद्धि है ।
- मजदूरी में सामान्य वृद्धि दर 20% है ।

(ब) एक्सवाई कम्पनी का विपणन प्रबन्धक कम्पनी के निदेशक मण्डल को यह प्रस्ताव देता है कि वर्तमान में ग्राहकों को प्रदत्त एक माह की साख अवधि को बढ़ाकर 2 माह करने पर अगले वर्ष की विक्रय मात्रा में 25% की वृद्धि हो जायेगी । 8

कम्पनी की पुस्तकों से चालू वर्ष के निम्नांकित संचालन आँकड़े प्राप्त किए गये :

| | ₹ |
|---|---|
| विक्रय मूल्य | 21 प्रति इकाई |
| परिवर्तनशील लागत | 14 प्रति इकाई |
| कुल लागत | 18 प्रति इकाई |
| विक्रय मूल्य | 18,90,000 |

इस शर्त के साथ कि कम्पनी की विनियोगों पर वांछित प्रत्याय दर 40% है, बोर्ड उपरोक्त आँकड़े तथा प्रस्तावों को अग्रसित करते हुए आगामी वर्ष के लिए नई साख नीति अपनाने के बारे में आपसे आपकी विशेषज्ञ राय देने की प्रार्थना करता है ।

Marks

3. एम एन पी कम्पनी लिमिटेड का प्रबन्ध अपने व्यवसाय के विस्तार के बारे में योजना बना रहा है तथा आपसे अनुमानित कार्यशील पूँजी विवरण तैयार करने हेतु सलाह करता है । कम्पनी की पुस्तकों से निम्नांकित वार्षिक सूचनाएँ प्रकट हुईं : 16

| | ₹ |
|---|---|
| विक्रय – घरेलू एक माह की साख पर | 24,00,000 |
| निर्यात 3 माह की साख पर (विक्रय मूल्य घरेलू मूल्य से 10% कम) | 10,80,000 |
| सामग्री प्रयुक्त (आपूर्तिकर्ता 2 माह की साख देते हैं) | 9,00,000 |
| मजदूरी के भुगतान में विलम्ब – $\frac{1}{2}$ माह । | 7,20,000 |
| निर्माणि व्ययों के भुगतान में विलम्ब (नकद) – 1 माह । | 10,80,000 |
| प्रशासनिक व्ययों के भुगतान में विलम्ब – 1 माह । | 2,40,000 |
| विक्रय संवर्द्धन व्ययों का भुगतान अग्रिम रूप से तिमाही | 1,50,000 |
| आयकर का भुगतान चार किस्तों में देय है जिनमें से एक अगले वित्तीय वर्ष में आयेगी । | 2,25,000 |

सकल लाभ की दर 20% है ।

चालू कार्य तथा ह्रास पर ध्यान नहीं देना है ।

कम्पनी कच्चे माल तथा पूर्ण निर्मित माल (प्रत्येक) का एक माह का स्टॉक रखती है एवं ₹ 2,50,000 उपलब्धता पर विश्वास रखती है जिसमें अधिविकर्ष सीमा के ₹ 75,000 सम्मिलित हैं जिनको कम्पनी ने अभी तक काम में नहीं लिया है ।

प्रबन्ध का यह भी विचार है कि गणना की गई राशि पर 12% की दर से संभाव्यताओं के लिए सीमान्त की व्यवस्था की जावे ।

आपसे अगले वर्ष के लिए अनुमानित कार्यशील पूँजी विवरण बनाने की अपेक्षा है ।

Mark

4. 31 मार्च 2010 एवं 2011 को एक्स वाई जेड लिमिटेड का संक्षिप्त चिट्ठा नीचे दिया गया है : 1

| दायित्व | 2010 (₹) | 2011 (₹) | सम्पत्तियाँ | 2010 (₹) | 2011 (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 4,00,000 | 2,00,000 | संयन्त्र एवं मशीनरी | 7,00,000 | 8,20,000 |
| समता अंश पूँजी | 4,00,000 | 6,60,000 | दीर्घकालीन विनियोग | 3,20,000 | 4,00,000 |
| अंश प्रब्याजी (premium) | 40,000 | 30,000 | ख्याति | – | 30,000 |
| पूँजी शोधन संचय | – | 1,00,000 | चालू सम्पत्तियाँ | 9,10,000 | 11,41,000 |
| सामान्य संचय | 2,00,000 | 1,20,000 | अल्पकालीन विनियोग (2 माह से कम) | 50,000 | 84,000 |
| लाभ-हानि खाता | 1,30,000 | 1,75,000 | नकद एवं बैंक | 1,00,000 | 80,000 |
| चालू दायित्व | 6,40,000 | 9,00,000 | प्रारम्भिक व्यय | 40,000 | 20,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 1,60,000 | 2,10,000 | | | |
| कर के लिए आयोजन | 1,50,000 | 1,80,000 | | | |
| | **21,20,000** | **25,75,000** | | **21,20,000** | **25,75,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

वर्ष 2011 के दौरान कम्पनी ने :

(i) पूर्वाधिकार अंश पूँजी का शोधन 10% प्रीमियम पर आंशिक रूप से ₹ 10 मूल्य के 10,000 समता अंश निर्गमन राशि से तथा आंशिक रूप से लाभांश के लिए उपलब्ध लाभों में से किया गया ।

(ii) कम्पनी ने ₹ 95,000 की संयन्त्र एवं मशीनरी क्रय की । उसने अन्य कम्पनी का स्टॉक ₹ 25,000 एवं संयंत्र व मशीनरी ₹ 1,05,000 में अधिगृहीत भी की तथा अधिग्रहण का भुगतान ₹ 1,60,000 समता अंश पूँजी से किया ।

(iii) अल्पकालीन विनियोग के मूल्य में ₹ 1,600 की विदेशी विनिमय हानि भी सम्मिलित है ।

(iv) कम्पनी ने ₹ 1,40,000 का कर चुकाया ।

आपको रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करना है ।

Marks

5. (अ) आपको एक निर्माणि कम्पनी के लागत विभाग की निम्नांकित सूचनाएँ दी जाती हैं : 12

स्टोर्स :

| | ₹ |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 12,60,000 |
| क्रय | 67,20,000 |
| चालू कार्य से हस्तान्तरण | 33,60,000 |
| चालू कार्य को निर्गमन | 67,20,000 |
| मरम्मत एवं अनुरक्षण को निर्गमन | 8,40,000 |
| स्कन्ध लेने के दौरान कमी पायी गई | 2,52,000 |

चालू कार्य :

| | |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 25,20,000 |
| प्रत्यक्ष सामग्री प्रयुक्त | 25,20,000 |
| उपरिव्यय प्रयुक्त | 90,08,000 |
| अंतिम शेष | 15,20,000 |

पूर्ण निर्मित उत्पाद :

सम्पूर्ण उत्पाद को चालू कार्य से ली गई वास्तविक लागत के 12% लाभ पर बेचा गया ।

अन्य सूचनाएँ :

| | ₹ |
|---|---|
| मजदूरी हुयी | 29,40,000 |
| उपरिव्यय हुए | 95,50,000 |
| विनियोग से आय | 4,00,000 |
| स्थाई सम्पत्तियों के विक्रय से हानि | 8,40,000 |

स्कन्ध लेने के दौरान पायी गई कमी को सामान्य हानि की तरह लिया जाता है ।

आपको तैयार करना है :

(i) स्टोर्स नियन्त्रण खाता ;

(ii) चालू कार्य नियन्त्रण खाता ;

(iii) लागत लाभ-हानि खाता ;

(iv) लाभ-हानि खाता एवं

(v) मिलान विवरण (Reconciliation Statement)

(ब) ऋण प्रतिभूतिकरण क्या है ? मूल ऋण प्रतिभूतिकरण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । 4

Marks

6. (अ) जेड कम्पनी लिमिटेड का प्रबन्ध अपने दीर्घकालीन परियोजनाओं की वित्तीय माँग की पूर्ति हेतु बाजार से कोष वृद्धि करना चाहता है । कम्पनी के पास उसके कोष वृद्धि के अनेक विकल्प संयोग हैं । आपको कम्पनी के निम्नांकित प्रस्ताव दिये जाते हैं : 12

(i)

| प्रस्ताव | समता प्रतिशत | ऋण प्रतिशत | पूर्वाधिकार अंश प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पी | 100 | – | – |
| क्यू | 50 | 50 | – |
| आर | 50 | – | 50 |

(ii) ऋण की लागत – 10 %

पूर्वाधिकार अंशों की लागत – 10%

(iii) कर की दर – 50%

(iv) ₹ 10 प्रति अंश अंकित मूल्य के समता अंशों का निर्गमन ₹ 10 प्रति अंश प्रब्याजी पर किया जायेगा ।

(v) कुल वृद्धि किए जाने वाला विनियोग ₹ 40,00,000

(vi) ब्याज एवं कर से पूर्व प्रत्याशित आय ₹ 18,00,000

निम्नांकित की गणना करने के पश्चात् कम्पनी प्रबन्ध आपसे उपरोक्त प्रस्तावों में से उपयुक्त प्रस्ताव की सलाह चाहता है :

- प्रति अंश आय
- वित्तीय सम-विच्छेद बिन्दु
- प्रस्तावों में तटस्थता के लिये ब्याज एवं कर से पूर्व आय (EBIT) विस्तार की गणना कीजिए । यदि कोई प्रस्ताव वर्चस्व रखता है तो उसका भी उल्लेख कीजिए ।

(ब) लागत इकाई एवं लागत केन्द्र में अन्तर कीजिए । 4

7. निम्न में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4 =16

(अ) निम्नलिखित का आप लागत लेखों में किस प्रकार व्यवहार करेंगे ?

(i) पैकिंग व्यय

(ii) फ्रिंज लाभ

(ब) निम्नांकित अनुपातों को समझाइए :

(i) संचालन अनुपात

(ii) मूल्य अर्जन अनुपात

(स) श्रम निकासी दर के कारणों को लिखिए ।

(द) विलियम जे. बॉमल बनाम मिलर-ऑर रोकड़ प्रबन्ध प्रतिरूप पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(इ) अपूर्ण ठेके पर अनुमानित लाभ/हानि की प्रक्रिया को समझाइए ।